FREE PRESS JOURNAL, Mumbai, 9.6.2025
Page No. 9, Size:(16.06)cms X (15.82)cms.

# EIL's major landmark Dabhol breakwater completion



In a major milestone for India's energy infrastructure, Engineers India Limited (EIL), serving as Project Management Consultant (PMC), has played a pivotal role in the successful berthing and discharge of GAIL's LNG vessel at the Dabhol LNG Terminal on June 2, 2025. This marks the commissioning of a state-of-the-art breakwater facility, for GAIL (India) Limited and executed by Larsen & Toubro (L&T). This 2.3 km-long Island Rubble Mound Breakwater, constructed using over 15,500 indigenously developed ACCROPODE blocks and placed with 3D ECHOSCOPE technology for precision and integrity, enables year-round operations at the terminal. Reinforced with one million cubic metres of boulders in triple-layered formation, the structure ensures durability against extreme marine conditions and has officially transformed the terminal into an all-weather port, as declared by the NSPC.

DAINIK JAGRAN, Meerut, 9.6.2025
Page No. 3, Size:(12.71)cms X (8.74)cms.

# घरेलू गैस कनेक्शन के लिए नहीं करना पड़ेगा इंतजार, गेल ने नियुक्त किए 10 ठेकेदार

**गेल ने कहा, जहां पाइपलाइन पहुंच गई है, वहां कनेक्शन देने में नहीं लगेगा समय**

जागरण संवाददाता, मेरठ : घरेलू गेल गैस कनेक्शन के लिए अब लंबे समय तक उपभोक्ताओं को इंतजार नहीं करना पड़ेगा। गेल ने अब व्यवस्था सुधारते हुए उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। तेजी से कार्य के लिए 10 ठेकेदार नियुक्त किए हैं। अभी तक दो ठेकेदार थे, इसलिए आवेदकों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा था। काफी आवेदक ऐसे थे जिनका

**5,000** कनेक्शन तीन महीने में किए

**1** से 3 साल तक के लंबित कनेक्शन आवेदन निस्तारित हुए

आवेदन एक से तीन साल पुराना था, लेकिन कार्य नहीं हो पा रहा था। इसका कारण था ठेकेदार की कमी और उसकी लापरवाही।

गेल ने हाल ही में ठेकेदारों की संख्या बढ़ाकर अभियान चलाया। लंबित आवेदनों को निस्तारित करके तीन महीने में पांच हजार कनेक्शन कर दिए। गौरतलब है कि गेल गैस ने 48 हजार घरों तक पाइप लाइन पहुंचा दी है, जिसमें से 38 हजार उपभोक्ता इसका उपयोग करने लगे हैं। गेल गैस लिमिटेड मेरठ परिक्षेत्र के महाप्रबंधक विनय कुमार सिंह ने बताया कि सभी नई पुरानी कालोनियों के मुहल्लों तक गेल की पाइप लाइन पहुंचाने का लक्ष्य है। इसके लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। बागपत रोड के साबुन गोदाम जैसे पुराने क्षेत्र में भी पाइप लाइन पहुंचा दी गई है। कहा कि जहां पाइपलाइन पहुंच गई है, वहां कनेक्शन देने में अब समय नहीं लगेगा।